## खबर संक्षेप



### बांधा मंदिर में रामनवमी पर होगी महाआरती

**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 17 अप्रैल बुधवार को भगवान श्रीराम के प्राकटोत्तसव के अवसर पर सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, हनुमान जी एवं विघ्न विनाशक गणेश जी की भव्य महाआरती होगी। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने समस्त धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

### ढाबों के सामने खड़े वाहनों पर कार्यवाही

**कटनी।** पुलिस ने पीरबाबा बाइपास पर ढाबो के सामने रोड ब्लाक करने वाले वाहनो पर कार्यवाही कर ढाबा संचालको को सख्त हिदायत दी। देर रात पुलिस के द्वारा की गई सरप्राइज चेकिंग के कारण ढाबा संचालकों में हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। सीएसपी श्रीमती ख्याति मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी माधवनगर अनूप सिंह ठाकुर, महेन्द्र जायसवाल चौकी प्रभारी झिंझरी व स्टाफ के साथ पीरबाबा बाइपास मे आधा दर्जन से अधिक ढाबो की चेकिंग की गई। ढाबो के सामने खडे वाहनो पर कार्यवाहिया करते हुए ढाबा संचालको को सख्त हिदायत दी गयी। पुलिस अधिकारियों ने ढाबा संचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि ढाबो के सामने असुरक्षित रूप से वाहन को ना खडा कराएं, साथ ही पीरबाबा SST नाके पर आदर्श आचार संहिता के पालन कराने के उद्देश्य से SSB के जवानो को साथ लेकर लगभग 70 वाहनों की सघनता से तलाशी ली गई।

### 102 वर्ष की कल्लू बाई ने घर से किया मतदान

**कटनी।** मैंने अपना कर्तव्य निभा लिया, अब आप भी अपना कर्तव्य जरूर निभाएं... अपनी ऊंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाकर कुछ ऐसा ही संदेश युवा मतदाताओं को देती हैं 102 साल की मतदाता श्रीमती कल्लू बाई पति मुन्ना यादव। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए मतदान केंद्र तक न आने पड़े, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को उनकी स्वेच्छानुसार घर से मतदान करने (होम वोटिंग) की सुविधा दी गई है। नायब तहसीलदार सिंगौड़ी प्रसन्न कुमार वर्मा ने बताया कि होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र खजुराहो क्रमांक 8 के अंतर्गत आने वाले विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 92 के ग्राम हिनौता मतदान केंद्र क्रमांक 56 की मतदाता श्रीमती कल्लू बाई (102वर्ष) ने घर से मतदान करने की इच्छा जताई। आवेदन मिलने पर मतदान दल सक्रियता दिखाते हुए शतायु मतदाता के घर पहुंचा और उनसे सोमवार को मतदान कराया।

### मशीन के सबसे आखिरी में होगा नोटा का बटन

**कटनी।** लोकसभा चुनाव के लिए शहडोल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के बडवारा विधानसभा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग मशीन में नोटा का भी बटन लगाया गया है। नोटा का बटन चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के बाद सबसे आखिरी में होगा। यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने के बाद अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं देना चाहता है, तो उसके लिए उपरोक्त में से कोई नहीं या नन आफ दी अबव (नोटा) का बटन का विकल्प भी रहेगा। इसको दबाने पर किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मत अंकित नहीं होगा।

## शहर के अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए संजीदा नही है जवाबदेह

# अति व्यस्ततम मार्गों में अतिक्रमण से आवागमन बाधित, चलना दूभर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के अति व्यस्ततम मार्गों में दुकानदारों एवं फुटपाथी दुकानदारों का अस्थायी कब्जा न सिर्फ आवागमन बाधित कर रहा है बल्कि जाम की वजह से राहगीरों व वाहन चालकों का चलना भी मुश्किल हो रहा है। हैरानी तो इस बात की है कि सब कुछ आंखों के सामने होता देखकर भी जवाबदार अधिकारी मौन साधे चुपचाप निकल जाते हैं। सुलभ आवागमन की सुविधा अब महज बैठकों में चर्चाओं एवं प्लान बनाने तक ही सीमित रह गया है लेकिन धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए किसी को सरोकार नहीं है।



नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किंग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है। फुटपाथी व्यवसाइयों को सबक सिखाने और दोबारा अतिक्रमण न करने कार्यवाही के नाम पर कभी कभार सख्त कार्यवाही का दिखावा किया जाता है लेकिन एक घंटे की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग अब निडर हो गये है। कई बार चेतावनी दी जाती है कि सड़क में लगाये ठेला या सामान रखा है, उसको भी दुकान के अंदर पहुंचा दें। इस दौरान नाली के आगे जो भी सामान रखा हुआ मिलेगा, उसे टीम जब्त कर लेगी। इस पर आने वाला खर्च भी दुकानदार से वसूल किया जाएगा। यह चेतावनी कई बार जारी की गई, कई बार एनाउंस करवाया गया। इसके बाद आज तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं दिखी। ऐसे में अब लोगों को अतिक्रमण अभियान की चेतावनी का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। फुटपाथ तक दुकानें सजी हैं। उनके लिए यह चेतावनी अब आम बात हो गई है।

### इन जगहो पर है अतिक्रमण

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी है। प्रयोगो से और फजीहत है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौका दिया जा चुका है लेकिन समस्या नहीं सुधरी।



## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने निगमायुक्त ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा विगत लोकसभा चुनावों के मतदान प्रतिशत के आधार पर कम मतदान वाले केंद्रों के बीएलओ और बीएजी (मतदाता जागरूकता समूहों) की बैठक आयोजित करते हुए आयोग से प्राप्त मतदाता पर्चियों के वितरण शत प्रतिशत करते हुए, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन ऐप का अधिक से अधिक प्रचार करने के साथ ही यह जानकारी दी की उक्त ऐप के माध्यम से मतदाता स्वयं भी अपने मतदान केंद्र की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं उपस्थित सभी सदस्यों को मतदान केंद्रों में विभिन्न गतिविधियों जैसे मतदाता शपथ आयोजित करते हुए मतदाता जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उपायुक्त पी के अहिरवार एवम निर्वाचन प्रभारी जागेश्वर पाठक को पृथक से दल गठित कर बीएलओ द्वारा की जा रही मतदाता पर्चियों के वितरण की निगरानी रखने के साथ साथ अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त द्वारा आगामी 18 अप्रैल तक 75% तक पर्ची वितरण करने तथा पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त एवम नोडल अधिकारी निर्वाचन पी के अहिरवार निर्वाचन प्रभारी जागेश्वर पाठक सहायक यंत्री आदेश जैन निगम की स्वीप समिति के सदस्यों सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति रही।

**शासकीय तिलक कॉलेज में छात्रों को दिया तकनीकी प्रशिक्षण**

## विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उद्यमिता का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार खरे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।



प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को उद्यमिता के अंतर्गत जिन व्यक्तियों में दृढ़ इच्छा शक्ति से नए उपक्रम स्थापित करने तथा जोखिम को उठाने की क्षमता होती है वह उद्यमी कहलाते हैं। नए उपक्रम की की स्थापना उसे नियंत्रण तथा निर्देशित करने की योग्यता परिवर्तनकारी सोच और साहसिक वृत्ति भी होना आवश्यक है। उद्यमिता की अवधारणा के अंतर्गत जोखिम उठाने संगठन निर्माण प्रबंधकीय एवं नेतृत्व क्षमता नवाचार एवं अवसर खोजने की प्रक्रिया उच्च उपलब्धि की क्षमता तथा सफल उद्यमी के गुण के अंतर्गत पहला करना जोखिम उठाना अनुभव से सीखना अभिप्रेरणा आत्मविश्वास निर्णय लेने की क्षमता आदि तथा उद्यमी के कार्य के अंतर्गत अवसरों की पहचान विचारों को कार्यान्वित करना, संभाव्यता, अध्ययन, संसाधनों को उपलब्ध कराना, उद्यम की स्थापना, उद्यम का प्रबंधन वृद्धि एवं विकास का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

### 51 मीटर की चुनरी चढ़ाई

**सिलौंडी।** सिलौंडी से माँ वीरासन देवी मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा निकाली जो कि नेगाई तिलमन होकर माँ वीरासन पहुँची । सिलौंडी के रघुवीर सिंह , शिखा राय सभी भक्तों ने मिलकर 51 मीटर की लम्बी चुनरी माँ वीरासन को चढ़ाई, महाआरती एवँ प्रसाद का वितरण हुआ । हर वर्ष चैत्र नवरात्र में माँ को चुनरी चढ़ाई जाती है । यात्रा में भानु काछी, दुर्गा श्रीवीस, अनिल काछी, अरविंद काछी , नीरज राय, रमन सेन , महेंद्र यादव, नीलू सिंह ,जुगल राय ,कान्हा मिश्रा , उपसरपंच राहुल राय , बालमुकुन्द चौबे, चित्र कुमार राय एवँ बडी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही है ।



## स्वयं सेवको ने मनाई हेडगेवार जयंती



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती उमरियापान में स्वयं सेवकों द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने हेडगेवार के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। साथ ही स्वयं सेवकों ने ध्वज प्रणाम किया। मुख्यवक्ता ज्ञानचंद चौरसिया ने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवक का जीवन अपना नहीं बल्कि देश व पूरे समाज के लिए समर्पित होता है। कार्यक्रम में वरिष्ट स्वयंसेवक कालूराम चौरसिया, विनोद साहू, अज्जू चौरसिया, शशिकांत चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, अमित दीक्षित, शैलेंद्र झारिया, चंद्रेश चौरसिया, संतोष, दिनेश ठाकुर आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## श्रमिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बडवारा विधानसभा क्षेत्र के सभी कामगारों को 19 अप्रैल को होने वाले शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में यहां के कामगार , श्रमिकों को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने सवैतनिक अवकाश मंजूर किया गया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बडवारा विधानसभा क्षेत्र के सभी कारोबारियों, व्यावसायियों, औद्योगिक उपक्रम और नियोजकों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने यहाँ कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को लोकसभा चुनाव में मताधिकार का उपयोग सुविधाजनक एवं निर्बाध रूप से करने की दृष्टि से 19 अप्रैल को अनिवार्यतः सवैतनिक अवकाश प्रदान करें। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के मुताबिक निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले सभी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक श्रमिक को चुनाव में मतदान करने का हक होगा। चाहे वो दैनिक मजदूर या आकस्मिक श्रमिक श्रेणी का ही क्यों न हो। ऐसे सभी श्रमिकों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाना आवश्यक है। यदि कोई कामगार किसी ऐसे उद्योग या स्थापना में नियोजित है जो उस लोकसभा क्षेत्र से बाहर है जहां आम निर्वाचन हो रहे है, तब भी मतदान हेतु सवैतनिक अवकाश की पात्रता होगी।

### निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारों के मतदान एवं मतगणना एजेंट

**कटनी।** केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियो और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारो के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती है।

**बिना किसी परेशानी के घर में मत देने का मिला अधिकार, जताई खुशी**

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता के घर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद की मौजूदगी में सोमवार को कटनी नगर के राम मनोहर लोहिया वार्ड नदी पार निवासी 86 वर्षीय मतदाता बद्री पिता लक्ष्मण ने होम वोटिंग किया। कलेक्टर ने यहां मतदान दल के साथ वरिष्ठ मतदाता बद्री के निवास पहुंचकर मतदान के प्रति उनके जोश, जज्बे ,उमंग और उत्साह की सराहना की। वरिष्ठ मतदाता श्री बद्री प्रसाद ने मतदान के बाद कहा कि सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है, मतदान कर मैंने अपने कर्तव्य का निर्वहन कर दिया है ,अब आप सभी भी मतदान अवश्य करें।



घर के प्रथम तल में रहने वाले वरिष्ठ मतदाता बद्री से मिलने कलेक्टर सीढ़ियां चढ़ कर पहुंचे।

सोमवार को कटनी के राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 मतदान केन्द्र क्रमांक 81 सेक्रेड हार्ट स्कूल निवासी 86 वर्षीय मतदाता बद्री पिता लक्ष्मण प्रसाद घर पर ही मतदान कर बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा उम्र जनित अस्वस्थता की वजह से मतदान केंद्र तक पहुंचने में बहुत दिक्कत होती। होम वोटिंग सुविधा का प्रावधान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। इससे ऐसे मतदाता जो शारीरिक असमर्थता के कारण मतदान नहीं कर पाते थे, वह भी मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभा रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता, जो मतदान केंद्र पर पहुंचने में अक्षम है, उन्हे घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है।

### दिव्यांग ने घर पर मतदान कर दिया जागरूकता संदेश

लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता है जरूरी का बेहतरीन उदाहरण सोमवार को होम वोटिंग के दौरान 23 वर्षीय दिव्यांग मतदाता कृष्ण कुमार ने दिया। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत ग्राम राखी के मतदान केंद्र क्रमांक 199 शासकीय माध्यमिक शाला के 23 वर्षीय दिव्यांग मतदाता कृष्ण कुमार पिता गुड्डू बसोर ने अपने घर पर मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कृष्ण कुमार ने मतदान कर निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा की आज होम वोटिंग की सुविधा की वजह से ही में बिना किसी परेशानी के अपने घर पर ही अपने मत देने के अधिकार का मिला।

**19 अप्रैल को निर्भीक और भयमुक्त होकर मतदान करने किया प्रेरित**

## नुक्कड़ नाटक कर छात्र छात्राओं ने बताया मतदान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मतदान हमारा अधिकार है।जब हम सभी अपना मत देंगे, तभी हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा और हम एक अच्छे प्रत्याशी का चुनाव कर पायेंगे। इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम ढीमरखेड़ा के छात्र छात्राओं ने पकरिया गांव के मुख्य तिराहे पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक और नारेबाजी के जरिये लोकसभा चुनाव में वोट करने की अपील की गई।



जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को संदेश देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। जिसमें सभी लोगों की भागीदारी अहम है। इसलिए हम सभी लोग अपने अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।ताकि एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण हो सके।उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया कि मजबूत राष्ट्र निर्माण में हर एक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझकर मतदान करने जाना होगा। तभी देश में लोकतंत्र को मजबूत व सशक्त बनाया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि भारतीय लोकतंत्र के नागरिक के रूप में वोट देना आपका अधिकार हैं। जिम्मेदारी से इसका उपयोग कर इस अधिकार का सम्मान करें।इसलिए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 19 अप्रैल 2024 को वोट अवश्य डाले। मतदाता स्वतंत्र,निर्भीक और भयमुक्त होकर मताधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने बहकावे में कभी न आना, सोच समझकर बटन दबाना।सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है।भाई भतीजा नाता है, हम भारत के मतदाता है। बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता। बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान। ....आदि नारेबाजी कर नाटक के माध्यम से संदेश दिया। लोगों को मतदाता का महत्व बताया।

मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर पोस्टर प्रदर्शित किए गए। ग्रामीणों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र छात्राओं को सुना। ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की बात कही। इस दौरान छात्र छात्राओं के साथ परामर्शदाता और सेक्टर प्रभारी भी शामिल रहे।

## बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर 10 लोकसेवकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा लोकसभा निर्वाचन के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन के मद्देनजर निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों के आयोजित प्रथम प्रशिक्षण के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने एवं मोबाईल बंद पाये जाने पर 10 लोकसेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस में कक्ष क्रमांक 80 नोडल अधिकारी मैनपावर मैनेजमेंट में लिखित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र में लोक सेवकों के अनुपस्थित रहने के कृत्य को निर्वाचन जैसे कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा के तहत विपरीत मानते हुए नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब समय सीमा मे प्राप्त न होने अथवा समाधानकारक नहीं पाये जाने पर लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिन 10 लोकसेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें महिला एवं बाल विकास की पर्यवेक्षक उर्मिला हरदिया, ग्राम पंचायत ढीमरखेड़ा सचिव जितेन्द्र सिंह बघेल एवं वीरू पाण्डेय, आयुध निर्माणी कार्यवेक्षक रविप्रकाश साई, ग्राम पंचायत बड़वारा सचिव मुन्नीलाल, सहायक सांख्यिकी अधिकारी जिला योजना एवं सांख्यिकी पुरूषोत्तम कुमार चौधरी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सिंगल विंडो आपरेटर क्लर्क नमीलाल यादव, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया असिस्मेंट मैनेजर रोहित दुबे तथा सहायक ग्रेड-3 कार्यपालन यंत्री लोक निमाण विभाग प्रणीत कुमार चतुर्वेदी का नाम शामिल है।

एक अन्य प्रकरण में कलेक्टर द्वारा जल संसाधन विभाग अनुरेखक के पद पर पदस्थ अशोक कुमार साहू का मुख्यालय नरसिंहपुर होनें एवं निर्वाचन डयूटी नरसिंहपुर नियत होने के बाद भी संबंधित कर्मचारी का नाम सीईएमएस पोर्टल में दर्ज किये जानें के कृत्य को लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सुविधा केंद्र में लोक सेवकों के डयूटी आदेश जारी

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण के निर्वाचन में सम्मिलित राज्य के संसदीय क्षेत्र से प्राप्त डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र कार्यालय कलेक्ट्रेट जिला कटनी में 15 अप्रैल एवं 16 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे से शाम 5 बजे तक स्थापित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने सुविधा केन्द्र में श्रीमती पूनम समदडिया अनुविभागीय अधिकारी कृषि, रामबदन पाण्डेय सहायक ग्रेड-3 कार्यालय सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एवं रिकेश केसरवानी सहायक ग्रेड -3 कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कृषि जिला कटनी की ड्यूटी लगाई है।

### ई-पेपर के विज्ञापन का भी कराना होगा प्री-प्रमाणीकरण

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ई-पेपर पर दिए जाने वाले राजनैतिक विज्ञापन का भी प्री-सर्टिफिकेशन संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार को करवाना जरूरी होगा। इसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को अपने स्वयं का सोशल मीडिया एकाउण्ट, वेबसाइट, ब्लॉग एवं ई-मेल आईडी की जानकारी नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्र में अनिवार्य रूप से उल्लेखित करनी होगी। आयोग के दिशा-निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार स्वयं का ब्लॉग, वेबसाइट अथवा सोशल मीडिया अकाउंट पर इस तरह की सामग्री चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पोस्ट या अपलोड करता है तो उसे राजनैतिक विज्ञापन नहीं माना जाएगा। इसके लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी से प्री-सर्टिफिकेशन लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

### रामनवमीं पर कल निकलेगा जवारा जुलूस

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित खेर माई मढ़िया की नवरात्र पर्व पर आकर्षक साज सज्जा करने के साथ ही क्षेत्रवासी माता की भक्ति में लीन हैं। मढिया में सुबह से महिलाओं के जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू होकर दोपहर तक चलता रहता है। इसके पश्चात नवरात्र पर्व पर रोजशाम को देवी भगतों का आयोजन किया जाता है जो देररात तक चलता रहता है। यहां का जवारा विसर्जन जुलूस आगामी 17 अप्रैल बुधवार को राम नवमीं के पावन पर्व पर निकाला जायेगा। जवारा विसर्जन जुलूस ग्राम के प्रमुख मार्गो से होकर हनुमान मंदिर में आकर समाप्त होगा। जवारा विसर्जन समिति के बलराम पयासी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वासंतेय नवरात्र पर्व की बैठकी को मढिय़ा में जवारा कलशों की स्थापना के साथ यहां धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रारंभ किया गया। जिनका समापन आगामी 17 अप्रैल बुधवार को रामनवमीं के पावन पर्व पर कन्या भोज के पश्चात विशाल जवारा विर्सजन जुलूस से होगा। श्री मिश्रा के अनुसार जवारा विर्सजन जुलूस मढिय़ा प्रांगण से शाम 6 बजे प्रारंभ होगा जो ग्राम के प्रमुख मार्गो से होता हुआ देररात सिमरौल नदी के हनुमान घाट में जवा विसर्जन के बाद समाप्त होगा।

### वाहनों की तलाशी के साथ की चालानी कार्यवाही

**कटनी।** यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए आने जाने वाले वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में माधव नगर गेट पर विशेष चेकिंग अभियान लगाया गया। जांच के दौरान कई वाहनों से ब्लैक फिल्म उतरवायी गई एवं एक ऐसा वाहन भी मिला जिसमें रेड और ब्लू लाइट लगी हुई थी। वाहन चालक को हिदायत देते हुए उसके वाहन से लाइट भी हटाई गई। शाम से शुरू हुआ वाहनों की जांच का सिलसिला देर रात तक चालू रहा इस दौरान लगभग आधा सैकड़ा वाहनों की तलाशी लेते हुए एक दर्जन से भी अधिक वाहन चालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई है। यातायात थाना प्रभारी श्री पांडे ने कहा कि यातायात पुलिस के द्वारा इस तरह का अभियान आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

### कलेक्टर ने कहा न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर प्रस्तुत करें जवाबदावा

# गर्मियों में न हो पेयजल की समस्या, रेत के अवैध उत्खनन पर रखें नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों सहित विभागीय योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षा कर आवश्क दिशा- निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालीन प्रकरणों में समय पर जवाबदावा और पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के साथ - साथ ओ.आई.सी नियुक्त नियुक्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ. शिशिर गेमवत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, लोकसेवा जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन वी.ए. सिद्दीकी जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस सौरव नामदेव की सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में गर्मियों के मद्देनजर पेयजल, कूलर आदि की व्यवस्था दुरूस्त करने सिविल सर्जन डा.यशवंत वर्मा को निर्दिर्शत किया। इसके अलावा समर्थन मूल्य पर उपार्जन केन्द्रों में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर, खरीदी केन्द्र प्रभारी अपनी उपस्थिति सहित निरीक्षण के लिये जाने वाले अधिकारियों को सार्थक एप पर फीडिंग करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक मे कलेक्टर द्वारा आयोग से प्राप्त विभिन्न विभागों की शिकायतों की समीक्षा कर लंबित शिकायतों पर प्रतिवेदन देने, ग्रीष्म काल में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों, अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने सहित रबी विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ की विस्तार से समीक्षा की जाकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

बाल विकास नयन सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, लोकसेवा जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन वी.ए. सिद्दीकी जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस सौरव नामदेव की सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में गर्मियों के मद्देनजर पेयजल, कूलर आदि की व्यवस्था दुरूस्त करने सिविल सर्जन डा.यशवंत वर्मा को निर्दिर्शत किया। इसके अलावा समर्थन मूल्य पर उपार्जन केन्द्रों में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर, खरीदी केन्द्र प्रभारी अपनी उपस्थिति सहित निरीक्षण के लिये जाने वाले अधिकारियों को सार्थक एप पर फीडिंग करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक मे कलेक्टर द्वारा आयोग से प्राप्त विभिन्न विभगों की शिकायतों की समीक्षा कर लंबित शिकायतों पर प्रतिवेदन देने, ग्रीष्म काल में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों, अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने सहित रबी विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ की विस्तार से समीक्षा की जाकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# दो आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने आगामी लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपादित करने के मद्देनजर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए दो आदतन अपराधियों को छह माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया है।

जिला दण्डाधिकारी श्री प्रसाद ने दोनों आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की है उनमें थाना ढीमरखेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खाम्हरिया निवासी अनूप पटवा पिता स्वर्गीय अनिल पटवा उम्र 23 वर्ष तथा सोम पटवा पिता स्वःअनिल पटवा उम्र 19 वर्ष शामिल है। अनूप एवं सोम आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है जो वर्ष 2022 से अपराध जगत में आकर लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर आतंक का पर्याय बन चुके है। इन दोनों के विरुद्ध वर्ष 2022 से अब तक चोरी जैसे 3-4 गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध एवं न्यायालय में विचाराधीन है। ढीमरखेड़ा क्षेत्र में इन दोनो अनावेदक का आतंक बढ़ने के कारण लोग अपने घरों मे भी अपने आप को असुरक्षित महसूस करते है तथा रात में अकेले निकलने में डरते है। इन दोनो की आपराधिक व असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। किन्तु अनावेदक के आपराधिक गतिविधियों में किसी प्रकार का कोई सुधार परिलक्षित नही हुई।

इन स्थितियों के मद्देनजर अनूप एवं सोम पटवा की गतिविधियों से निर्वाचन कार्य प्रभावित होने की संभावना के चलते कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने इन दोनों अपराधियों को 6 माह की अवधि के लिए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं और समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

दोनो आदतन अपराधियों अनूप पटवा एवं सोम पटवा को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी।

**वोटर आईडी कार्ड में मिलान नहीं होने पर रहेगी व्यवस्था**

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को, जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पहले मतदान केंद्र पर अपनी पहचान के लिए फोटो पहचान पत्र (ईपिक) प्रस्तुत करना होगा। वे मतदाता, जो फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने बताया की इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार /पीएसयू/ सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी शामिल है, में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। यदि वोटर आईडी कार्ड में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो तो वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

**19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान**

शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह साढ़े पाँच बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट सुबह साढ़े पाँच बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

## निषादराज जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



गुहराज निषादराज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहले दिन वाहन रैली निकालकर एकजुटता का परिचय दिया गया, वहीं दूसरे दिन धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन समिति के सदस्य समाजसेवी श्याम निषाद ने बताया कि शनिवार शाम 5 बजे वेंकट वार्ड स्थित निषाद स्कूल से भव्य एवं विशाल शोभायात्रा शुरू हुई, जो सत्यनारायण मंदिर, माईनदी, दुबे कालोनी होते हुए दुर्गा चौक खिरहनी स्थित मंगलम मैरिज गार्डन में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता और भैया लक्ष्मण को गंगा पार कराते हुए, नौ देवियों की झांकी, भारत माता, हनुमान जी, केवट जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा कई चलित एवं जीवंत झांकियों ने मन मोह लिया।

**अधिक मात्रा में खाद्य पदार्थों का सेवन बना मृत्यु का कारण !**

# कलेक्टर के निर्देश पर कैलवारा खुर्द में मृत 7 मवेशियों के लिए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद को विगत शुक्रवार 12 अप्रैल को कैलवारा खुर्द में 7-8 पशु मृत होने की जानकारी मिलते पर उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए डॉ आर के सोनी, सिविल सर्जन, प्रभारी पशु चिकित्सालय कटनी को उक्त घटना के संबंध में तत्काल कार्यवाही कर वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के. सिंह नें बताया कि कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के निर्देश पर डॉ आर के सोनी एवं डॉ रवि कटारिया की टीम द्वारा ग्राम कैलवारा खुर्द का घटना दिवस को ही पहुंचकर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कैलवारा खुर्द में चौधरी मोहल्ले में 07 आवारा मृत पाए गए गोवंश का नियमानुसार परीक्षण थाना कोतवाली से ए.एस.आई दीपेन्द्र शर्मा, आरक्षक रण विजय सिंह एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान मृत पाये गए 05 गायों एवं 02 बेलों का पोस्ट मोर्टम किया गया एवं जाँच हेतु सैंपल लिए गए है। इस दौरान आस-पास के क्षेत्र एवं ग्राम में टीम द्वारा जानकारी ली गयी परन्तु कोई भी पशु बीमार नहीं पाया गया। उक्त सातों पशु एक दो दिन पहले मौत होना पाया गया जो प्रथम दृष्टया अधिक मात्रा में खाद्य पदार्थ खाने से मृत्यु होना प्रतीत होता है।

डॉ आर.के. सिंह ने बताया कि ग्राम कैलवारा खुर्द में आज भी टीम भेजकर पता किया गया कि कोई पशु बीमार या मृत तो नहीं है, परन्तु कोई भी बीमार एवं मृत पशु प्राप्त नहीं हुआ। घटना के संबंध में आर पी पाण्डेय एवं अतुल भुजिया सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को ग्राम में 3-4 दिन लगातार भ्रमण कर बीमार पशुओं की जानकारी प्राप्त करने, बीमार पशु मिलने पर उनका उपचार कर जांच हेतु सैंपल एकत्रित करने तथा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही की जानकारी डॉ आर.के.सोनी सिविल सर्जन प्रभारी पशु चिकित्सालय को देने हेतु निर्देशित किया गया है।

**संवेदनशील क्षेत्र के साथ मुख्य बाजार क्षेत्र से किया भ्रमण**

# सशस्त्र बल के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, भयमुक्त मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लोकसभा चुनाव से पूर्व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं बदमाशों के हौसले पस्त करने के लिए शहर कोतवाल आशीष शर्मा सशस्त्र बल की टुकड़ी लेकर अचानक ही नगर भ्रमण पर निकल पड़े। भारी संख्या में सशस्त्र बलों की अगुवाई करते हुए नगर कोतवाल शहर के संवेदनशील क्षेत्र के अलावा मुख्य बाजार से भी होकर गुजरे। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश भी दिया।

कोतवाली थाना परिसर से प्रारंभ हुआ फ्लैग मार्च मिशन चौक, आजाद चौक, शेर चौक होते हुए स्टेशन पहुंचा जहां से खिरहनी चौकी, गर्ग चौराहा, घंटाघर, सराफा बाजार होते हुए फिर कोतवाली में संपन्न हुआ।

फ्लैग मार्च को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में चुनाव से पूर्व पुलिस बल के साथ पैदल गस्त किया गया।

सशस्त्र पुलिस बल की टुकड़ी के साथ सर्वप्रथम कोतवाली से मिशन चौक, आजाद चौक, शेर चौक, जालपा मडिया, झंडा बाजार, सुभाष चौक, स्टेशन तिराहा, खिरहनी चौकी, गर्ग चौराहा, घंटाघर होते हुए सर्राफा बाजार होकर पुलिस बल के जवान कोतवाली पहुंचे।

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि चुनाव के दौरान या फिर अन्य सामान्य दिनों में भी शहर की शांति व्यवस्था भंग करने वाले आपराधिक तत्वों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भ्रमण करके शहर वासियों को जहां सुरक्षात्मक वातावरण निर्मित करने का संदेश दिया गया, वहीं पर अपराधियों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो फिर उसका परिणाम उन्हें भोगना पड़ेगा। पुलिस हर चप्पे पर निगाह बनाए हुए हैं। उन्होंने शहर वासियों से बिना किसी भय के मतदान करने की अपील भी की है।

**नारी शक्ति ने भय मुक्त होकर मतदान करने दिया संदेश**

# मतदाता जागरूकता के लिए निकली पिंक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद की अगुवाई और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिले भर में विविध प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सोमवारको दो पहिया पिंक वाहन रैली का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ कर किया गया।

नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा स्वरूपा नारी शक्तियों ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा से ओत प्रोत होकर दो पहिया वाहनों में फर्राटे भरते हुए ,सवार होकर तख्तियों पर लिखे स्लोगन के माध्यम से नागरिकों को भय मुक्त और निष्पक्ष होकर मतदान करने का संदेश दिया।

### इन मार्गों से निकली रैली

जिला स्तर पर पिंक स्कूटी वाहन रैली का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। रैली कलेक्ट्रेट से होकर विश्राम बाबा गेट से तांगा स्टैंड तिराहा, माधवनगर, माधवनगर गेट, मिशन चौक, आजाद चौक, चांडक चौक, बस स्टैंड से आजाद चौक, शेर चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, झंडा बाजार, सुभाष चौक, थाना तिराहा, पोस्ट ऑफिस, नगर निगम से होती हुई मिशन चौक पर समाप्त हुई।

कटनी के हृदय स्थल मिशन चौक में जहां बड़े बैनर पर कटनी की बढ़ेगी शान, होगा 100% मतदान और राष्ट्र निर्माण में करें दान मिलकर सब करें मतदान का संदेश देते हुए स्लोगन लिखे थे...इसी के तले स्वीप टीम द्वारा पिंक रैली में आई हुई नारी शक्तियों, नागरिकों और अधिकारियों कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि 19 और 26 अप्रैल को मतदान दिवस के अवसर पर मतदान करेंगे और अपने आसपास के लोगों, मित्रों, रिश्तेदारों, सहयोगियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजन

इसी तरह की पिंक दो पहिया वाहन रैली का भव्य आयोजन सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में भी किया गया। भय मुक्त मतदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रयास किया जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

### इनकी रही मौजूदगी

जिला स्तरीय पिक वाहन रैली में नगर निगम के उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, सीएमएचओ आर के अठया, डीपीसी शिक्षा केके डेहरिया, मृगेंद्र सिंह, चित्रा प्रभात, जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप सिंह, शबाना बेगम, योगेंद्र कुमार असाटी, जागेश्वर पाठक, आदेश जैन, माधुरी गर्ग, जग्गी पटेल, राम सुजान द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



भारत रत्न भारतीय संविधान के जनक पीड़ित शोषित वंचित समाज के मसीहा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती बड़वारा नगर में स्थित अंबेडकर चौक में बड़े ही धूमधाम व गरिमामय माहौल में हर्षोल्लाष के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सबसे पहले बड़ी संख्या में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अनुयाई बाबा साहेब की तस्वीर के पास एकत्रित हुए यहां पर सभी वर्ग समुदाय के लोगों के द्वारा बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बाबा साहेब के अनुयायियों ने मोम बत्ती जलाकर केक काटकर गरिमामय माहौल में बाबा साहेब की जयंती मनाई। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प हार अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हमारा देश आजाद हुआ था तो संविधान का मसौदा तैयार करने की जिम्मेदारी बाबा साहेब को ही सौंपी गई थी।

कंधीलाल अहिरवार ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए कहा की बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार होने से लेकर दलित वर्गो के लिए समानता और सामाजिक न्याय के लिए जीवन पर्यंत लड़ाई लड़ते रहे हैं कंधी लाल अहिरवार ने अंबेडकरजी को दलित वर्ग का मसीहा बताते हुए कहा कि समाज में समानता लाने के लिए उन्हें भारत का प्रथम कानून मंत्री बनाया गया उनके महान व्यक्तित्व के कारण आज देश के सभी जिलों ब्लॉकों में उनकी तस्वीर देखने को मिलती है उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता व दलितों के मसीहा बाबा साहेब को हम शत शत नमन करते हैं।

इस मौके पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,कंधी लाल अहिरवार ओंकार सिंह (खली), चंद्रभान पटेल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**दमोह।** मॉडल कॉलेज बरपटी में समस्त अतिथि शिक्षक वर्ग 2 एवं वर्ग 3 को लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशेष पुलिस अधिकारी के दायित्व हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जिले भर के लगभग 1300 अतिथि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र भी जारी किए गए, ताकि वह अपने मतदान का प्रयोग कर लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत को शत प्रतिशत तक बढ़ा सके। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीपीटी के माध्यम से उन्हें उनके दायित्व के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी मुकेश द्विवेदी, एस.एन. हसन, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मोहन राय, मुकेश गुजरे, दिलीप जोशी, हरिओम दुबे, अनिल तिवारी, नाजनीन खान, बी.डी. रैकवार आदि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### प्रशिक्षण की शैली एवं व्यवस्थाओं की सराहना की

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में मतदान दलों में प्रथम बार जिन लोकसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है, उन अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा की उपस्थिति में मॉडल कॉलेज बरपटी में आयोजित किया गया। पांच कक्षों में लगभग 200 प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय पाली में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम बार मतदान दलों में जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ाया गया एवं मतदान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा ने प्रशिक्षण की शैली, व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी ट्रेनिंग उपस्थित रहे।

### मतदान करने की अपील

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र के मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर जब सिविल वार्ड नं.04 कमला नेहरू कॉलेज के सामने मतदाता पर्ची वितरण करने मास्टर शुभ सोनी के निवास पहुंचे और उनके परिजनों को पर्ची वितरित करते हुये मतदान करने की अपील की तो मास्टर शुभ सोनी ने कहा मेरे घर में कलेक्टर साहब आए हैं, मैं और कलेक्टर साहब सभी से अपील कर रहा हूं, कि सभी लोग अधिक से अधिक मतदान करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा सभी लोग मास्टर शुभ की बात सुनिए मतदान करना शुभ है, इसलिए सभी लोग 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करें।

### ईव्हीएम कमीशनिंग का कार्य 17 अप्रैल को

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय क्षेत्र 07-दमोह के अंतर्गत सागर जिले में आने वाली विधानसभा क्षेत्र 038-देवरी, 039-रहली, 042-बण्डा की ईव्हीएम कमीशनिंग का कार्य 17 अप्रैल 2024 को बीईएल बैंगलुरू से आ रहे इंजीनियर्स की उपस्थिति में शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय सागर में प्रारंभ हो रहा है। ईव्हीएम कमीशनिंग के पूर्व द्वितीय रेण्डमाईजेशन उपरांत मतदान केंद्रवार आवंटित हुई ईव्हीएम मशीनों का पेयरिंग का कार्य किया जा चुका है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों से आग्रह करते हुये कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 038-देवरी, 039-रहली, 042-बण्डा की ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य में निर्धारित तिथि/समय पर स्वयं उपस्थित होने अथवा किसी प्राधिकृत पदाधिकारी/ प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने कहा है।

### दोनों संस्थाओं को नुकसान, पुलिस थाने में दिया आवेदन

# मंडी में खड़ा ट्रक अचानक चल पड़ा मंडी एवं श्मशान की वाउंड्रीवाल तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दोपहर लगभग तीन बजे मंडी की गोदाम में गेंहू खाली करने आया 14 चक्का ट्रक में टेक नहीं डली होने के कारण ट्रक अचानक चल पड़ा जिसने मंडी की लगभग 15 फिट बांउड्रीवाल तोड़ दी साथ ही रास्ते के दूसरी तरफ शमषान घाट की भी लगभग 15 फिट बांउड्री तोडकर रास्ते में बाउंड्रीवाल के उपर खड़ा हो गया है। जिस कारण रास्ता बंद हो गया। गनीमत रही कि ट्रक के पिछले चक्का बांउड्रीवाल में फंस गए जिस कारण ट्रक वहीं रूक गया वरना ट्रक सीधे जाकर शमषान घाट के अंदर बने कुंआ में गिरता। ज्ञात हो कि ट्रक क्रमांक एमपी 04 एचई 4342 गेंहू लेकर मण्डी की गोदाम में आया था। साथ ही पल्लेदारों ने ट्रक में भरी गेंहू की वोरियां गोदाम में खाली कर दी थी। इसके बाद ट्रक ड्राईवर एवं कन्डेक्टर ट्रक में खडे. होकर त्रिपाल और रस्सा इक्टठा कर रहे थे और उसी समय ट्रक अपने आप चलने लगा और चलकर ट्रक ने दोनो वांउड्रीवाल तोड़ दी है। मंडी एवं शमषान घाट की बांउड्रीवाल टूटने पर दोनो संस्थाओ को लगभग 30-30 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। मंडी के सहायक उपनिरीक्षक कैलाष दुवे ने बताया कि वांउड्रीवाल तोडने की कार्यवाही को लेकर पुलिस थाने में आवेदन दिया है। ऐसे ही नगर परिषद सीएमओ प्रेमसिंह चैहान ने बताया कि वांउड्रीवाल टूटने में परिषद का लगभग 30 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। जिसकी कार्यवाही के लिए थाने में लिखित आवेदन दिया है।

## 30 अप्रैल तक तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

**दमोह।** वन मण्डल अधिकारी एम.एस. उइके (आई.एफ.एस.) ने एक आदेश जारी करते हुये भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं उसके अंतर्गत बनाये गये जैव विविधता संरक्षण एवं पोषणीय कटाई नियम 2005 के नियम 4 के प्रावधान अंतर्गत दमोह जिले के पूर्ण क्षेत्र को 30 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने कहा है निषिद्ध क्षेत्र में निषिद्ध 30 अप्रैल 2024 तक तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। वन मण्डल अधिकारी श्री उइके ने सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त क्षेत्र में मुनादी करा कर जन सामान्य को यह जानकारी में लाये कि 30 अप्रैल 2024 तक निषिद्ध क्षेत्र में तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों के विरूद्ध धारा 26 एवं 29 के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### ज्ञापन सौंपकर धरना आंदोलन की दी चेतावनी....

# अस्पताल के समीप शराब दुकान खोले जाने के विरोध में वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



रहवासी क्षेत्र में संचालित शराब दुकानें हटाए जाने हेतु शासन प्रशासन द्वारा अधिकारियों को आदेशित किया गया था जिसके परिपालन में चंडी जी वार्ड मानपुरा रोड पर वन विभाग ऑफिस के सामने संचालित शराब दुकान को स्थानांतरित कर अस्पताल के समीप मुख्य रोड पर संचालित करने आबकारी विभाग द्वारा स्थान प्रस्तावित किए जाने के विरोध में वार्ड वासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उक्त स्थान पर शराब दुकान न खोले जाने हेतु ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में उल्लेख कर बताया गया कि मानपुरा रोड़ वन विभाग ऑफिस के सामने रहवासी क्षेत्र के नजदीक शराब दुकान संचालित की जा रही थी जिसे हटाए जाने वार्डवासियों सहित विधायक द्वारा मांग की गई थी जिसे दृष्टिगत रखते हुए शासन की गाइड लाइन के अनुसार उक्त दुकान को हटाए जाने की कार्यवाही प्रशासन द्वारा की गई लेकिन गौर करने वाली बात है कि अधिकारियों द्वारा शासन की गाइड लाइन के अनुरूप पुनः इसी चंडी जी वार्ड में सिविल अस्पताल के सामने मुख्य सड़क पर पार्षद देवेंद्र राय के घर के बाजू मैं अरुण ताम्रकार के मकान में रहवासी क्षेत्र में जहां से कुछ ही दूरी पर मां जगत जननी चंडी माता का मंदिर गणेश मंदिर है जहां रोजाना सुबह-शाम हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने निकलते हैं वहीं सिविल अस्पताल में भी 24 घंटे सैकड़ो मरीज के साथ परिजनों का आना जाना रहता है जिससे यहां शराब दुकान खोलना उचित नहीं है। उक्त स्थान पर शराब दुकान खोले जाने से लोगों में भय व रोस व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से वार्डवासियों ने प्रस्तावित शराब दुकान को अनयंत्रित प्रस्तावित किए जाने की प्रशासन से मांग की है। अन्यथा लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शराब दुकान रहवास इलाके में खोली जाती है तो समस्त महिला-पुरुषों के साथ छात्र-छात्राएं धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे।

### राय चौराहा की दुकान न हटाने की चर्चा जोरों पर

गौर करने वाली बात है कि नगर के बीचों बीच राय चौराहा एवं बस स्टैंड पर शासन की गाइडलाइन की विरुद्ध कई वर्षों से शराब दुकान संचालित की जा रही है जिसे हटाए जाने हेतु विगत वर्षों में कई बार नगर के लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा धरना प्रदर्शन आंदोलन भी किए गए लेकिन शासन प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों द्वारा जनता की भावनाओं को लेकर उन पर जूं भी नहीं रेंगी जबकि सरकार के सख्त निर्देश है कि किसी भी रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान संचालित नहीं की जा सकती अब सवाल उठता है कि मानपुरा रोड वन विभाग के सामने संचालित शराब दुकान को ही क्यों हटाने की कार्यवाही की गई क्या नगर की ये दो अन्य शराब दुकानें रहवासी क्षेत्र में नहीं आती जिसकी नगर में लोगों द्वारा तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही है। शराब दुकान अन्यत्र जगह प्रस्तावित किए जाने हेतु ज्ञापन देने वालों में चंडी जी वार्ड पार्षद देवेंद्र राय, पूर्व पार्षद महेश अहिरवार, सुमित अहिरवार, राजेंद्र प्रसाद, राहुल विश्वकर्मा, राजा अहिरवार, कमलेश, गुलाब चौधरी, चांदनी अहिरवार, प्रीति, नेहा, क्रांति, खुशी अहिरवार, रजनी, रेखा साहू सहित सैकड़ो वार्ड वासियों की उपस्थिति रही।

## आचरण के गिर जाने पर सब कुछ गिर जाता हैः पं गोविंद शरण शास्त्री

**बनवार।** श्री शतचंडी महायज्ञ बम्होरी प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा हमारे पौराणिक काल की आध्यात्मिक विशेषताओं का संस्मरण एवं वर्तमान परिदृश्य में समाज का शोध एवं भविष्य की योजनाएं हैं । कथा को केवल सुनने के लिए ही नहीं सुनना चाहिए बल्कि उसे सुनकर मनन करते हुए अपने जीवन में आत्मसात भी करना होगा । कथा श्रवण से अक्षय पुण्य का लाभ एवं पापों कानाश होता है । भागवत की कथा संपूर्ण तपस्याओं तथा संपूर्ण ज्ञान का फल है । कथा भगवान की छवि उतारने का साधन है । जिसमें निराकार ब्रह्म के कार्यों की विशिष्ट चर्चा हो वह भगवान की कथा है । यह उद्गार बम्होरी में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत के व्यासपीठ से भागवताचार्य गोविंद शरण महाराज जी ने व्यक्त किए। पंचम दिवस की कथा का वर्णन करते हुए आचार्य द्वारा भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं के अंतर्गत मैया यशोदा को वैष्णवी माया दिखाना ,यम्लार्जुन उद्धार , गोवर्धन लीला , चीरहरण एवं महारास लीला का सरस वर्णन कर बताया कि भगवान के सभी लीलाओं में अद्भुत ज्ञान के साथ समसामयिक विषय पर मंथन भी है। कालिया नाग को कालिदास से रमण के दीप भेजने के पीछे भगवान का संकल्प यमुना के जल को प्रदूषण अर्थात नाग के जहर से मुक्त करना है । चीरहरण लीला का तात्पर्य स्त्रियों और पुरुषों को अपने परिधान में मर्यादा का पालन करना है , गोपियों के द्वारा प्रतिदिन निर्वस्त्र होकर यमुना में स्नान कर कात्यायनी देवी की पूजा करते हुए श्री कृष्ण को अपने पति के रूप में मांगती थी । गोपियों के द्वारा भगवान वरुण अर्थात जल देवता का अपमान देखकर भगवान ने गोपियों के वस्त्रहरण कर ज्ञान प्रदान किया कि नियमों को तोड़कर तुम्हारे व्रत कभी तो नहीं होंगे , क्योंकि आंचल के गिरने पर मर्यादा गिर जाती है और आचरण के गिर जाने पर सब कुछ गिर जाता है । कथा श्रवण करने आसपास क्षेत्र से बड़ीसंख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही ।

## मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**दमोह।** दमोह छतरपुर स्टेट हाईवे पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। नरसिंहगढ़ के समीप एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक 407 क्रमांक एमपी 34 1139 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वे शुरू कर सड़क पर गिरा बाइक सवार युवक दोबारा नहीं उठ सका। बताया जा रहा है कि सर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को नरसिंहगढ़ के समीप चंपत पिपरिया के पास देव दिव्या पेट्रोल पंप के समीप एक मिनी ट्रक ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। कोई टक्कर मारने के बाद चालक मिनी ट्रक को छोड़कर भाग गया इधर घटना की सूचना मिलने पर नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक बाइक सवार की सांसे थम चुकी थी। दर्दनाक हादसे के शिकार बाइक सवार की पहचान फुटेरा कला निवासी पहचान राम प्रसाद अहिरवार उम्र करीब 55 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राम प्रसाद फुटेरा कला के डाकघर में पोस्ट मास्टर के रूप में पदस्थ थे। प्रतिदिन अप डाउन करते थे दमोह से फुटेरा जाते समय आज वह हादसे का शिकार हो गए। घटनास्थल की तस्वीर सामने आई है उसे देखकर कहा जा सकता है कि बाइक सवार यदि हेलमेट पहने होते तो शायद हादसे में उनकी जान नहीं जाती। फिलहाल नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस घटना की जांच कर रही है वहीं टक्कर मारने वाले मिनी ट्रक के चालक की भी तलाश की जा रही है।

## माँ बड़ी देवी प्रांगण में विशाल कन्याभोज संपन्न



**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार हर नवरात्र की तरह मां के पावन पर्व में मां के नवरात्रि के शुभ महापर्व पर विशाल नगर कन्याभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष के प्रति नवरात्रि के अनुसार भी इस पावन पर्व नवरात्रि के सप्तमी के दिन विशाल नगर कन्याभोज कार्यक्रम किया किया गया । यह कन्याभोज का कार्यक्रम संगठन के द्वारा निरंतर 15 वर्षो से किया जा रहा है कन्याभोज सुबह 7 बजे से मॉ बडी देवी के पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ किया। जिसमें नगर की कन्याओं के साथ माताए बहने बच्चे वृद्ध जनो ने भी का प्रसाद ग्रहण किया। जो कन्याओं ने व्रत रखे हुए थे उन्हे समिति के द्वारा फलाहार कराया गया। समिति के शीतल रजक ने बताया कि मॉ के नवरात्र ने कन्याभोज का महत्व होता है जिसमें कन्याओं के साथ साथ बालको को भी भोजन कराने का महत्व होता है क्योकि कन्याएं माता रानी का स्वरूप होती है वही बालक भैरव बाबा के रूप होते है इसलिए भोजन कराया जाता है विकास सोनी ने कहा कि हमारे संगठन के द्वारा नगर कन्याभोज का कार्यक्रम निरंतर 15 वर्षो से आयोजित करते आ रहे है और माता रानी की कृपा से आगे भी निरंतर जारी रहेगा। समिति के राजकुमार रैकवार ने बताया कि मॉ के प्रसाद को ग्रणह करने के लिए हर वर्ग समुदाय के लोग मॉ बडी देवी प्रांगण आते हैं और मॉ का आर्शिवाद लेते है। कार्यक्रम में अनुराग गौतम, शीतल रजक,रामदीन पटेल, दिलिप राय, नरेंद्र रजक, महेश राय, राजकुमार रैकवार,अंकित बसेडिया, घनश्याम,लेखु, धीरेंद्र आदि समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## चुनरी यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**बनवार।** माता रानी के भक्तों ने चैत्र नवरात्रि के सप्तमी के पावन अवसर पर हिनोती आजम से विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। रोहित गौर मित्र मंडली के द्वारा चुनरी यात्रा का यह आयोजन लगातार चौथा वर्ष था। हिनौती आजम खेर माता मंदिर से चुनरी की पूजा अर्चना के बाद यात्रा प्रारंभ की गई माता की चुनरी लेकर मां के भक्त भ्रमण को निकले तो चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चुनरी यात्रा में शामिल महिलाएं युवतियों युवा बच्चे बुजुर्ग में चुनरी थामने की होड़ मची हुई थी। जगह-जगह माता की चुनरी की पूजा व स्वागत किया गया। भक्तगण माता के जयकारे लगाते हुए पैदल चल रहे थे। चुनरी यात्रा में डीजे के भक्तिमय धुनों लोग झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। 301 मीटर 5 किमी का पैदल सफर तय करके महादेव घाट रोड सगरा मार्ग से होते मां मटैना शक्ति धाम पहुंचकर माता रानी का दर्शन कर चुनरी चढ़ाई गई। चुनरी यात्रा का भव्य स्वागत जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ हुआ। इस दौरान क्षेत्र का पूरा माहौल भक्तिमय हो चला था विशाल चुनरी थमाने के लिए जहां माता रानी के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वही भाव सिंह लोधी, राघवेंद्र सिंह ऋषि भैया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। इस दौरान मां मटैना शक्ति धाम पहुंच मार्ग के द्वितीय प्रवेश स्वागत द्वार का शुभारंभ बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच अतिथियों के द्वारा किया गया। चुनरी यात्रा के बाद मांटेना शक्ति धाम में विशाल भंडारी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मां कालरात्रि की आराधना टालती है अकाल मृत्युः यज्ञाचार्य

**बनवार।** बम्होरी माला ग्राम के श्री दुर्गा मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन मां दुर्गा के साथ में स्वरूप मां कालरात्रि का पूजन अर्चन किया गया। यज्ञाचार्य पंडित पंकज प्रसाद तिवारी मेंहर ने बताया मां कालरात्री की पूजन अर्चन करने से सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है मां कालरात्रि की कृपा से बुरी शक्तियों का प्रभाव समाप्त हो जाता है। मां कालरात्रि दुष्टों और शत्रुओ का संघार करने वाली हैं माता कालरात्रि की पूजन अर्चन से तनाव भी दूर हों जाता है। माता कालरात्रि को गुड़ अति प्रिय है इसलिए भक्त आज के दिन अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता कालरात्रि को गुड़ का भोग लगाते है। आचार्य पंडित श्री पंकज प्रसाद तिवारी जी (मेंहर) एवं एकादश ब्राह्मणों द्वारा दुर्गासप्तशती के सिद्ध मंत्रो द्वारा प्रतिदिन हवन कराया जा रहा। है चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भारी संख्या मैं भक्त दर्शन लाभ ले रहे है सातवे दिवस मां कालरात्रि की पूजन यज्ञाचार्य पंडित पंकज प्रसाद तिवारी के परम सानिध्य में मुख्य यजमान हेमराज राय ,ठेकेदार राहुल राय ,रीतेश राय एवं समस्त राय परिवार के द्वारा की गई।

## जैन महिला मंडल का गठन



**झलौन।** संभागीय महिला परिषद जबलपुर शाखा की नवीन सत्र की पदाधिकारियों में अध्यक्ष सविता जैन, कोषाध्यक्ष प्राची जैन, सचिव मोना जैन की प्रेरणा से दमोह जिले के ग्राम झलौन में गत दिनों अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन चंदा प्रभु शाखा महिला मंडल का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्रीमती सरिता जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती विनीता चंदेरिया सचिव श्रीमती राखी जैन सहित 21 महिलाओं की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## खमरिया खेर माता को ध्वज चढ़ाया



**हिंडोरिया।** नगर सेवा समिति के सदस्यों ने सुबह 7:00 बजे मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ माता रानी को ध्वज अर्पित किया।समिति के सदस्य एवं महिला किशोरी दल की सदस्य सुबह से ध्वज लेकर कीर्तन मंडलियों बाजे-गाजे के साथ माता रानी के जय जयकारे लगाते हुए मंदिर परिसर की ओर चल रहे थे। मंदिर परिसर पर ध्वजारोहण के बाद कीर्तन मंडलियों द्वारा देवी भक्तों का कार्यक्रम हुआ, यहां माता रानी के दरबार में भक्तों द्वारा नृत्य भी किया गया इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया उक्त अवसर पर प्रेम नारायण प्यासी, देव सिंह ठाकुर, एडवोकेट संजय अग्रवाल,कुशल चौरसिया,राजेश वर्मा, दीपक जैन, सूरज सोनी, अक्षय चौबे सहित नगर सेवा समिति के कार्यकर्ता एवम महिला किशोरी दल की मौजूदगी रही।

### ठेकेदार की मनमानी, कानून व्यवस्था की उड़ रही धज्जियां

# शराबियों से आम लोग परेशान, शराब दुकान उठवाने की मांग पर नहीं हो रही कोई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ़ में बस स्टैंड और शंकर जी के चबूतरे से लगभग 30 मीटर की दूरी पर देशी और अंग्रेजी शराब दुकान है जो शासन के नियमों के विरूद्ध संचालित हो रही है। शराब दुकान हटवाने मंत्री विधायक ने जनता की शिकायत पर अधिकारियों को पत्र लिखा व दुकान हटवाने को कहा। तेजगढ़ ग्राम पंचायत सरपंच ने ग्राम पंचायत का प्रस्ताव उच्च अधिकारियो को दिया। जनप्रतिनिधि, गणमान्य जनों ने तेजगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी तेजगढ से बस स्टैंड रोड के किनारे चल रही शराब दुकान हटवाने की मांग रखी थी लेकिन नए सत्र में भी शराब दुकान उसी स्थान पर रही। दरअसल बस स्टैंड के पास बसे लोगो, दुकानदारों सहित यात्रियों को शराब दुकान पास में होने से आये दिन शराबी व्यक्ति परेशान करते है। मैन रोड के किनारे पर शराब दुकान है जिससे लोग शराब पीकर आते और में रोड पर खड़े होकर तरह-तरह की बातें करते और वाहन चालकों को परेशान करते है। शराब दुकान नामदेव परिवार के घर के सामने है वहीं पर डॉक्टर का दवा खाना खुला और रोड पर आए दिन छोटे बड़े व्यक्तियों का आवश्यक वस्तु खरीदने के लिए आते जाते रहते है। यात्रियों का पैदल आना-जाना बना रहता है। शराब पीने वालों का जमवड़ा रोड पर दिन भर लगा रहता जिससे व्यक्तियों को निकलना मुश्किल होता है। जनता ने शराब दुकान का विरोध किया परंतु नए सत्र में भी शराब दुकान नहीं उठी। और पुरानी दुकान से पांच कदम दूर फिर नई दुकान खोल रखी है। ग्राम से लेकर अनेकों जगह के प्रतिनिधियों गणमान्य जनों ने शराब दुकान बस स्टैंड और शंकर जी के चबूतरा से दूर रखवाने की मांग की है परंतु आज तक प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। नामदेव परिवार ने कहा शराब पीने वाले नशे में अनेकों प्रकार की गंदी-गंदी बातें करते है जिससे हम लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। शराब पीने वालों को रोकने पर लड़ने को तैयार रहते है जिससे पूरा परिवार परेशान है। ठेकेदार सरकार और आबकारी नियमों का पालन नहीं करते और कानून की धज्जियां उड़ा रहे है। आबकारी अधिकारी मौन है। दुकान हटवाने की मांग अनेकों बार की परंतु कोई सुनने वाला नहीं है। शराब पीने वालों ने कहा दुकान नहीं हटने से ठेकेदार के हौसला बुलंद है। महंगे रेट पर शराब बेचकर अपना जेब भर रहे और पीने वालों को लूट रहे है। लाल मसाला एक पाव सो रुपए, प्लेन एक पाव 70 रुपए का बेधड़क से बेच रहे है। बोर्ड पर भी बिक्री का रेट उल्लेख नहीं किया। नामदेव परिवार का कहना है कि अगर दुकान उनके घर के सामने खुली रही तो आंदोलन करेंगे। शासन प्रशासन से मांग कि शराब दुकान बस्ती से दूर खुलवाई जाए जिससे आम लोग सुख शांति से जीवन यापन कर सके। न हटने पर मजबूरी वश धरना प्रदर्शन कर विरोध करना पड़ेगा।



## जरा सी बारिश और हवा चलने से अंधेरे में डूब जाता है क्षेत्र

**हटा।** बिजली सड़क तथा पानी की सुचारू व्यवस्था के नाम पर चुनाव लड़कर जीतने के बाद उन्हें समस्याओं की ओर आंख मूंद लेने की बीमारी पुरानी हो चुकी है। परंतु आज के दौर में इसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता जब सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही हो और इतना विकास करने के बाद भी लोगों को खराब मौसम में रात अंधेरे में गुजारना पड़ें।

### चाहे जब घंटों ठप्प हो जाती है बिजली

जरा सी बारिश या तेज हवा चली और ठप्प हो जाती है बिजली जो घंटों बाद बमुश्किल बहाल हो पाती है। जानकारी के अनुसार हटा नगर व क्षेत्र में 33 केवी विद्युत लाइन बरसों पुरानी हो चुकी है जिससे आए दिन चाहे जब बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाती है फाल्ट ढूंढकर उसकी मरम्मत कार्य करने मैं विद्युत कर्मियों को घंटों लग जाते हैं जिसके चलते हटा नगर व क्षेत्र अंधकार में डूब जाता है। रविवार की दरमियानी रात्रि अंधियारा बगीचा स्थित चौराहे पर किसी अज्ञात वाहन ने पल में टक्कर मार दी जिससे पूरे शहर में लगभग चार घंटे तक ब्लैक आउट रहा इस प्रकार आए दिन वाहनों द्वारा खंबो को क्षतिग्रस्त किए जाने से भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी विडम्बना है कि बिजली भी नहीं और मिट्टी का तेल भी नहीं। लोगों का कहना है कि अब तो सरकार 24 घंटे बिजली दे रही है कहकर मिट्टी तेल देना भी बंद कर दिया है जिससे बिजली ठप्प होने के बाद अंधेरे में रात गुजारना मुश्किल हो जाता है वही पक्के घरों में रहने वाले लोग बिजली नहीं रहने से गर्मी और अंधेरे से परेशान होते रहते हैं।

आचार्य पद पदारोहण विशेष




**कुण्डलपुर में आचार्य पद पदरोहण कार्यक्रम आज : ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान**

**आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की परंपरा को आगे बढ़ाने ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनिश्री समय सागरजी को मिलेगा आचार्य पद**

**संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई बड़े चेहरे होंगे शामिल, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

# गुरु ज्ञान-विद्या के बाद समय होंगे सूरीश्वर

## 52 वर्षों के पश्चात हो रहा आचार्य पद प्रतिष्ठापन, देश-विदेश से देखने आ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कुंडलपुर में आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महा महोत्सव आज भव्य रूप से मनाया जायेगा जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु कुण्डलपुर पहुचेंगे। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी की संघ परंपरा को आगे बढ़ाने के लिये आज उनके शिष्य मुनि श्री समय सागर जी महाराज को आचार्य पद इस आयोजन में दिया जायेगा। यहां आचार्य श्री के संघ के 300 से अधिक साधु संत एवं पूरे देश की समाज एक साथ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का उत्तरदायित्व संभालने मुनि श्री से निवेदन करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ प्रमुख मोहन भागवत, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन भागवत सहित अनेक बड़े नेता, उद्योगपति शामिल होगे। ऐतिहासिक आयोजन को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की गई। ढाई लाख स्क्वायर फीट में बने पंडाल में एक साथ लाखों श्रद्धालु इस महोत्सव के साक्षी बनेंगे। आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था के लिये विशेष इंतजाम किये गये है।

### कार्यक्रम

कार्यक्रम कुण्डलपुर सिद्धक्षेत्र की पावन धरा पर बने आचार्य विद्सागर मण्डपम में संपन्न होगा। दोपहर 1 बजे से ध्वजारोहा होगा। कार्यक्रम में संस्कृत मंत्रोच्चारण प्रक्रिया पूज्य निर्यापक श्री नियम सागर जी के मुखारबिंद से होगा। संयोजना निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर जी, निर्यापक मुनि श्री समतासागर जी, निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी प्रस्तुत करेंगे। संचालन पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज, आर्यिका रत्न श्री पूर्णमति माताजी करेंगी। करेगे। आचार्य पदारोहण की क्रियायें दोपहर 2 बजे से शुरू होंगी, नव आचार्य की पूजन व आरती दोपहर 3 बजे से होगी। इसके पश्चात आचार्य श्री सहित अन्य मुनिगणों के प्रवचन होंगे। इसके अतिरिक्त संघ संचालक सहित अन्य अतिथियों के भी उदबोधन होगे।



साहित्य मनीषी आचार्य प्रवर श्री ज्ञानसागर जी महाराज

7 फरवरी 1969- 22 नवंबर 1972



दिगम्बर सरोवर के राजहंस, संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी

22 नवंबर 1972 - 6 फरवरी 2024



अभिनव आचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज

16 अप्रैल 2024 - ... आचार्य पद

## 52 साल पहले आचार्य ज्ञानसागर ने सौंपा था मुनि श्री विद्यासागर जी को आचार्य पद

राजस्थान के अजमेर जिले के नसीराबाद सन 1972 को 22 नवम्बर बुधवार के दिन आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज ने अपने सबसे योग्य शिष्य मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज को अपना आचार्य पद सौंपा था। उस समय विद्यासागर जी की उम्र 26 साल थी । युवा अवस्था में इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना उनके ज्ञान, कार्य कुशलता व चर्या ही बड़ा कारण रहा है। इसके पश्चात 77 वर्ष की उम्र तक उन्होने आचार्य पद पर रहकर धर्म की ऐसी प्रभावना की समूचा विश्व को जैन धर्म व सिद्धांतों से रूबरू कर दिया। लगभग 50 वर्ष से ज्यादा समय तक आचार्य रहे आचार्य विदयासागर जी महाराज ने धर्मचक्र का जो विस्तार किया है वह अभूतपूर्व है। देश के बड़े बड़े राजनेताओं से लेकर सभी समाज व वर्ग के लोग आचार्य विद्यासागर जी के आगे नतमस्तक रहे है। इसके अतिरिक्त समाज के कल्याण के लिये, अहिंसा के प्रचार के लिये व गौ संवर्धन के लिये आचार्य विद्यासागर जी द्वारा देश भर में अनेकों कार्य किये गये। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का 18 फरवरी 2024 को 2:35 AM पर सल्लेखना व्रत द्वारा समतापूर्वक समाधिमरण हुआ।

### आचार्यश्री ने दिये थे समय सागरजी के संकेत

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने जीवित रहते हुये संघ में कई बार ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि श्री समय सागर जी से जिम्मेदारी लेने की बात संकेतों में कही है इसके वृतांत संघ के मुनि गण बताते भी है। परंतु आचार्य श्री के प्रति भक्ति व श्रद्धा इतनी रही कि उनके रहते न तो समाज नहीं कोई भी अन्य मुनिगण इस पद को स्वीकार नहीं कर सकता था। शायद यही वजह रही कि आचार्य श्री ने अपनी समाधि लेने की सूचना तक किसी को नहीं दी। निर्यापक श्रमण मुनि श्री योगसागर जी के अनुसार आचार्य श्री ने उन्हे समाधि के पश्चात संघ के संचालन व नये आचार्य के रूप में मुनि श्री समय सागर जी को प्रतिष्ठापित करने के संकेत दिये थे। इसके अतिरिक्त संघ में सबसे वरिष्ठ मुनिराज यदि कोई है तो वह समय सागर जी महाराज है जिनको आज भव्य समारोह में आचार्य श्री के संघ के संचालन की जिम्मादारी सौंपी जायेगी। आचार्य पद दायित्वों से भरा होता है, शिष्यों की शिक्षा दीक्षा व समाज के लिये दिशा दिखाना, धर्म का प्रसार करना आचार्य के प्रमुख कर्तव्य होते है। 1972 में जब आचार्य ज्ञान सागर जी ने आचार्य श्री को यह पद दिया था तो उस समय 25 हजार लोगो की उपस्थिति थी। आज जब आचार्य श्री विद्यासागर जी के परोक्ष में उनके आर्शीवाद से ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण समय सागर जी को यह पद सौंपा जायेगा तब लाखों लोग इस पल के साक्षी बनेंगे। निर्यापक श्रमण समय सागर जी महाराज आचार्य विद्यासागर जी महाराज का प्रतिरूप है टू कापी है। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शन अब इस धरा पर नहीं हो पायेंगे लेकिन आज से नवाआचार्य श्री समय सागर जी के दर्शन निश्चित ही आचार्य श्री के दर्शनों की प्यास को बुझायेंगे। आचार्य श्री की तरह ही संघ व समाज को एक नई दिशा, नव विचार, मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

समिति संयोजक वीरेश सेठ ने बताया कि यह आचार्य पद पदारोहण बहुत ही भव्य, दिव्य आयोजन है। जैन आगम के अनुसार जो भी आचार्य पदारोहण की विधि बताई गई है उसके अनुसार यह अनुष्ठान संपन्न होगा। देश भर से लाखों श्रद्धालु इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। एक दिन का यह आयोजन है इसलिये अधिकांश लोग सुबह आकर रात्रि तक वापिस लौटेंगे। पूरा विश्व यह क्षण देखेगा जब आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रतिमूर्ति कहे जाने वाले उनके ही शिष्य मुनि श्री समय सागर जी जब आचार्य पद पर आसीन होंगे। मुनि श्री के अंदर आचार्य श्री के गुण ही विद्यमान है, एवं वह इस पद को और ऊचा ले जायेंगे। उन्होने कहा कि इतने बड़े आयोजन में सभी त्याग की भावना से आ रहे है, कुछ परेशानी भी होगी तो भी संतुष्ट होंगे क्योंकि उनके गुरूदेव का यह कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ संचालक मोहन भागवत जी प्रातः 11 बजे कुण्डपुर पहुंच जायेंगे। वह बड़े बाबा के दर्शन कर नवाआचार्य श्री व उनके संघ के दर्शन करेंगे। श्रावक श्रेष्ठी उनका स्वागत करेंगे।

दोपहर 1 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा। पूरे मुनि संघ को गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल के लिये रवाना होगा। यहा बने विशाल पंडाल का नाम आचार्य विद्यासागर जी के नाम पर आचार्य विद्यासागर मंडपम रखा गया इसका उद्घाटन होगा। इसके बाद मंगलाचरण होगा, दीप प्रज्वलन होगा, चित्र अनावरण किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ होते ही श्रावक श्रेष्ठि ,उपस्थित विशाल जन समूह आचार्य पद ग्रहण करने हेतु पूज्य मुनि श्री समय सागर जी से आचार्य पद ग्रहण करने निवेदन करेगा । मुनि संघ ,आर्यिका संघ ,ऐलक संघ, क्षुल्लक संघ,ब्रह्मचारी भैया जी, दीदी जी भी निवेदन करेंगे । चौक पूरा जाएगा ,कलश रखे जाएंगे, सिंहासन रखा जाएगा और नए आचार्य को नये सिंहासन पर बिठाया जाएगा । श्रेष्ठीजन सभी मिलकर स्वर्ण कलशों से नव आचार्य पाद प्रक्षालन करेंगे ।

### आयोजन में शामिल होंगे मोहन भागवत व सीएम



आचार्य पद पदारोहण महोत्स्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत पहुचेंगे। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मोहन भागवत सुबह 11 बजे कुण्डलपुर पहुंचेगे जिसके बाद उनका स्वागत सत्कार होगा। मुनि संघ के दर्शन के पश्चात वह सीधे कार्यक्रम में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि श्री भागवत के पास जेड + सुरक्षा है जिसको लेकर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। उनके लिये मंच पर एक अलग स्थान नियत है। उनकी सुरक्षा घेरे को लेकर पंडाल में गत दिवस तक अधिकारी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर फेरबेदल करते देखे गये।

## मुनि श्री समयसागर जी का जीवन परिचय

पूर्वका नाम : बा.ब्र.श्री शांतिनाथ जी जैन (आद्धगे) (सुकमाल)
पिता का नाम : श्री मल्लप्पाजी जैन (अटगे) (समाधिस्थ मुनि श्री मल्लिसागरजी महाराज)
माता का नाम : श्रीमती श्रीमति जी जैन (अष्टगे) (समाधिस्थ आर्यिका समयमति माता जी)



भाई-बहिन के नाम (जन्म के क्रम से) :- 1) श्री महावीर जी, 2) बा.प्र. विद्याधर जी (आचार्यश्री विद्यासागर जी) 3) बा.अ. बहिन शांता जी 4) बा.. बहिन सुवर्ण जी 5) बा.ब्र. अनंतनाच जी (वर्तमान में मुनिश्री योगसागर जी)
जन्म : 27-10-1958 (चेतनकृति में), सोमवार, शरद पूर्णिमा, आश्विन शुक्ल पूर्णिमा, वि.सं. 2015, सदलगा, वेलगाव (कर्नाटक) समय दोपहर 2 से 2.30 बजे के बीच
शिक्षा : हाई स्कूल (मराठी से)
ब्रह्मचर्य व्रत : 02-05-1975, शुक्रवार, वैशाख कृष्ण सप्तमी कृष्णपक्ष, वि.सं.2032, श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र महावीरजी, राजस्थान
क्षुल्लक दीक्षा : 18-12-1975, गुरुवार, मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा वि.सं. 2032, श्री दि. सिद्धक्षेत्र सोनागिरि, दतिया
एलक दीक्ष : 31-10-1978, मंगलवार, कार्तिक कृष्ण अमावस्या, दीपावली, वि.सं. 2035, श्री दिग. जन सिद्धक्षेत्र नैनागिरि जी, छतरपुर (मध्यप्रदेश)
मुनि दीक्षा : 08-03-1980, शनिवार, चैत्र कृष्ण 6, वि.सं. 2036, श्री दिग. जैन सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि जी, छतरपुर
दीक्षा गुरु : आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज
विशेष : आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, मुनि श्री समय सागर जी महाराज एवं मुनि श्री योगसागर जी महाराज आप तीनों गृहस्थ जीवन के सगे भाई हैं एवं आप तीनों के गृहस्थ जीवन के माता-पिता एवं दोनों बहिनें भी आचार्य श्री धर्मसागरजी से दीक्षित हुए थे।

### पूरा परिवार ले चुका है संन्यास

मुनि श्री समय सागर जी आचार्य विद्यासागर जी के जीवन के छोटे भाई थे। ये सभी भाई बहनों में सबसे छोटे थे। उनके घर के सभी लोग संन्यास ले चुके हैं। सबसे बड़े भाई अभी मुनि उत्कृष्ट सागर जी संघ में है। एक बड़े भाई अनंतनाथ अब मुनि योगसागर जी हैं। माता-पिता भी संन्यास ले चुके हैं। आचार्य समयसागर महाराज ही अब आचार्य विद्यासागर जी के उत्तराधिकारी होंगे। 6 फरवरी को ही आचार्य श्री ने समयसागर जी को आचार्य पद दे दिया था लेकिन इसकी घोषणा नहीं की गई थी। इस बात को गोपनीय रखा गया व आचार्य श्री की समाधि के उपरांत सभी को बताया गया।

### सज गई है बड़े बाबा की नगरी

बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर में आकर्षक सजावट की गई है। बड़े बाबा मंदिर में करोडो रूपये की लाईटे लगवाई गई है जिनका सौंदर्य कई किमी दूर से श्रद्धालुओं को दिख रहा है। बड़े बाबा मंदिर जाने वाले मार्ग पर भी रंगीन लाईटे लगाई गई है। इसके साथ ही आयोजन स्थल के लिये बनाई गये नगरों में भी आकर्ष सजावट है। कुण्डलपुर कार्यालय के सामने बने सेल्फी प्वाईट पर श्रद्धालु सेल्फी ले रहे है। कुण्डलपुर धाम नवआचार्य के उत्सव में दुल्हन की तरह सजा है।




## महान कौन गुरु या गुरुवाणी किससे पूछूं? - निर्यापक श्री वीरसागर जी

कुंडलपुर। सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में अचार्य पद पदारोहण महामहोत्सव के अवसर पर परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कुंडलपुर का यह परिसर आज से 2 वर्ष पूर्व जब यहां महोत्सव हुआ था बड़े बाबा भी वही थे ,मंदिर जिनालय भी वही, जनता भी वही ,लेकिन कुछ ऐसा है जो नहीं है उस समय का दृश्य और आज का दृश्य दोनों के दृश्य में जमीन आसमान का अंतर है। उस समय हम सब के साथ हमारे पुज्यवर गुरुदेव विराजमान थे। गुरुदेव की चरण सन्निधि में हम सब उस महोत्सव को मनाने की तैयारी कर रहे थे आज हम सभी यहां विराजमान हैं आने वाले 2 दिन एक महोत्सव की तैयारी हो रही है ।महोत्सव वह भी था महोत्सव यह भी है ।लेकिन दो वर्ष पूर्व सबकी आंखों में उस समय आंसू थे पर हर्ष के आंसू थे और आज भी दो प्रकार के आंसू हैं ।आचार्य भगवान का एक हाईकू याद आ रहा है ।महान कौन गुरु या गुरु वाणी किससे पूछूं ।जब हम गुरु को देखते हैं तो गुरु का शरीर नजर आता है पर्याय नजर आती है जो पर्याय होती है शरीर होता है वह क्षणभंगुर होते हैं ।वह छूटने वाला होता है ।लेकिन जब हम गुणों की ओर दृष्टि डालते हैं गुण हमें सशास्वत रखते ।आचार्य भगवन ने जब यह हाईकू लिखा हम सब संघ में थे।उस समय गुरु के मुख से हाईकू को सुना ।कौन महान है हम आपसे यह प्रश्न कर लें आचार्य भगवन महान है कि आचार्य भगवन की वाणी महान है बताइए कौन महान है ।किसे बोलते गुरु आचार्य भगवन ने प्रश्न चिन्ह छोड़ा है ।आचार्य भगवान की ही कृति है आचार्य भगवान की ही रचना है जब इसे सुनते चिंतन लाते हैं तो तरह-तरह के विचार आ जाते हैं ।गुरु वाणी गुरु से ही उत्पन्न होती है ।उस दृष्टि से देखा जाए तो गुरु भी महान होते हैं गुरु हमेशा से नहीं रहते देखा जाए तो गुरु वाणी महान है ।गुरु के जाने के बाद भी गुरु वाणी रहती है ।हमने आदिनाथ भगवान को कुंडलपुर के बड़े बाबा को नहीं देखा लेकिन वह आदि प्रभु आज भी जीवन्त है ।अपनी जिनवाणी के माध्यम से महावीर प्रभु आज भी जीवन्त है।अपनी ध्वनि के माध्यम से वे अचार्य भगवन्त आज भी जीवित हैं। अपनी वाणी के माध्यम से कुछ लोग ऐसे महान होते हैं इस युग में उनकी महानता उनके साथ नहीं जाती है बल्कि और भी बढ़ती जाती है । उनकी प्रतिष्ठा और बढ़ती चली जाती ।एक प्रश्न आ रहा कुंडलपुर के बड़े बाबा कब से विराजमान है जानते हो कब से विराजमान है। 1500 वर्ष से ऊपर हो गए ।कुंडलपुर के बड़े बाबा को पहचान किसने दिलाई हम आपसे पूछना चाहते हैं बड़े बाबा वही है आदिनाथ प्रभु वही हैं लेकिन आदिनाथ भगवान की प्रतिष्ठा इस दुनिया में किसने कराई ।कुंडलपुर की पहचान किसने कराई है ।कुंडलपुर आने वाले श्रावकों की लाइन लगी रहती है वह किसने दिलाई है। आचार्य भगवान ने छोटे बाबा ने। तो भगवान को भी पहचान दिलाने वाले हो जाते हैं कुछ ऐसे महापुरुष हो जाते हैं जो अपनी साधना के बल पर प्रभु को भी ऊंचा स्थान दिला देते हैं ।लोगों के हृदय में अपनी जगह बनवा देते हैं। अपने लिए तो हर कोई जीवन जी लेता है इसमें कोई बड़ी बात नहीं ।हर एक इंसान जीता है लेकिन महत्व तब है जब हम जीते जी कुछ ऐसा कार्य कर जाएं कि हमारे द्वारा बड़ों को प्रतिष्ठा मिल जाए ।प्रभु बहुत बड़े होते हैं भगवान से बड़े कोई नहीं होते। लेकिन एक छोटा व्यक्ति अपनी तपस्या के बल पर अपनी बलिदान साधना के बल पर अपने त्याग के बल पर अपनी श्रद्धा और सर्मपण के बल पर उन बड़ों की भी बहुत बड़ा बना देते हैं । इसी कारण ये बड़े बाबा कहलाए। जब आचार्य भगवान 1976 में प्रथम बार आए उस समय बड़े बाबा की क्या स्थिति थी बड़े बाबा तो महान है जो भगवान हमारे लिए मिले उनकी क्या स्थिति थी। आप सभी लोगों ने देखा होगा उसे दृश्य को ।जब हम आज इस जिनालय के दर्शन करने जाते हैं तो मन भाव विभोर हो जाता है। इस दृश्य को देखकर मन गदगद हो जाता है । बड़े बाबा के दर्शन बाद में होते हैं छोटे बाबा के दर्शन पहले होते हैं ।कि यह कृति जिसने निर्माण किया है जिसकी परिकल्पना है जिसकी सोच है आचार्य भगवन की दूर दृष्टि है। आचार्य भगवन का प्रयास अपने आप में अद्भुत विजन है ।हमने कुंदकुंद भगवान को नहीं देखा आचार्य समंतभद्र को नहीं देखा आचार्य नेमीचंद अमृतचंद आदि किसी को भी नहीं देखा ।दुनिया में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो की जाने के पश्चात भी अपनी ख्याति बढ़ाते चले जाते हैं। वैसे तो मरण शरीर का होता है लेकिन शास्त्रों में आता है व्यक्ति कुछ ऐसे कार्य कर जाता है उस कार्य के बल पर हमेशा के लिए अमर हो जाता है।

### समय सागर जी को पिच्छी देते आचार्य श्री...




यह पुरानी तस्वीर खास है। इसमें समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज अपने शिष्य मुनि श्री समय सागर जी को पिच्छी सौंप रहे है। आज आचार्य महाराज नहीं है उनके ही पद पर अब उनके शिष्य समय सागर जी बैठेंगे। आचार्य श्री का हाईकू है : मै तो ठेठ बांस था, गुरू ने मुझे बांसूरी बना दिया। जो पद आचार्य श्री को उनके गुरू ज्ञान सागर जी ने दिया वहीं आज आचार्य श्री के परोक्ष में उनके शिष्य समय सागर जी को दिया जा रहा है। यही श्रमण परंपरा है।

### नये आचार्य के लिये नया सिहासन...



नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के लिये नया सिंहासन आ गया है। आज उन्हे पद के दायित्व सौंपने के पश्चात नये सिंहासन पर बैठाया जायेगा।

## गुरु की कृपा से सब आपदाएं टल गई: मुनिश्री विमल सागर

श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर जिला दमोह में 15 अप्रैल 2024 को महासमाधिधारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में प्रातः काल की बेला में अभिषेक ,शांतिधारा हुई। आचार्य श्री की महापूजन हुई गणधर वलय विधान हुआ। इसमें पात्र बनने का सौभाग्य अशोक पाटनी आर के मार्बल वंडर सीमेंट परिवार एंव श्रीमती आशारानी पांडया परिवार इंदौर को प्राप्त हुआ। धर्म सभा का आयोजन हुआ पूरे भारत के विभिन्न नगरों से लोग आए। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री विमल सागर जी महाराज ने कहा कि हम सब यहां पर बैठे हुए हैं, प्रतिदिन बैठते हैं सभी दृश्य देख रहे हैं लेकिन इस दृश्य को बनाने वाले गुरु महाराज दिखाई नहीं दे रहे हैं। अदृश्य के रूप में है। हमारी नहीं सभी के अंदर की एक ही भावना हो रही होगी कि काश यहां पर अभी गुरु महाराज बैठे होते तो आज क्या नहीं होता। हम लोगों के अंदर की एनर्जी कितनी बड़ी होती है। यह सब अंदर ही अंदर हमारे हैं ,पर कह नहीं पा रहे है, लेकिन हम सबकी जिज्ञासाओं का समाधान गुरु महाराज पहले ही कर चुके हैं। अपने उपदेशों के माध्यम से अपने चिंतन ,मनन लेखन के माध्यम से,और उन्होंने एक हाइको लिखा और उन्होंने कहा कि मुझे देखना चाहते हो तो ऊपर देखो, बाजू मैं देखो ,इधर देखो, उधर देखो, क्या मैं मिलूंगा,उन्होंने हाइको बनाया अंतरिक्ष में ना अंतर जगत में मुझसे मिलो मैं हमेशा मिलूगा आप अगर मिलना चाह और अपने हृदय में मेरे प्रति जो आपकी श्रद्धा है भक्ति है समर्पण है। मैं हमेशा आपके अंदर रहूंगा। यह गुरुदेव का बहुत बड़ा उपदेश हम सबको मिला है। अगर इसमें कमी रह गई तो गुरु महाराज हमें मिलने वाले नहीं है। आज हम वह सारे कार्य सिद्ध कर सकते हैं अगर हमने गुरु को हृदय में बैठा लिया जो गुरु जी के सानिध्य में हम अपने कार्यों को सिद्ध करते थे उनका हृदय में बिठाकर के उनका नाम लेकर के आज भी हम उन सारे कार्यों को सिद्ध कर सकते हैं। यह गुरुजी का उपदेश था और उनकी भावनाएं थी। वह सब भावनाएं पूर्ण हुई है, जो उनकी भावनाएं रह गई है हम सबका एक ही कर्तव्य है कि गुरुदेव की भावनाएं पूर्ण हो। बार-बार गुरुदेव के पास आने की मैंने चेष्टा की लेकिन कर्म ने रोक दिया। कर्म कहता था आगे बढ़ भी जाओगे तो तुम्हारे लिए गुरुदेव मिलने वाले नहीं है। हमने क्या बहुत सारे संघों ने इस प्रकार का पुरुषार्थ किया लेकिन पुण्य आत्मा पुरुष वही थे जो गुरु जी के चरणों में पहुंच गए और उनकी वैयावृत्ति सेवा करने का अवसर मिला। जब इस तरफ आ रहा था चारों मुनिराज थे और वहीं से एक मुड़ने का स्थान आ गया यहां से जाएंगे तो बड़े बाबा कुंडलपुर का स्थान कम पड़ेगा लेकिन इतने में इंदौर वाले आ गए वह बार-बार गुरुदेव के पास जा रहे थे भावना भा रहे थे हमें पंचकल्याणक करना है लेकिन गुरुदेव की तरफ से यही संकेत मिलता था ठहरो निकट में मुनिराजो को आने दो आपका काम हो जाएगा। लेकिन जैसे ही हम लोग मुड़ने वाले थे वह लोग आ गए भावना लेकर महाराज अब आप निकट में हो हमारा पंचकल्याणक करवा दो, ऐसी ऐसी समस्या आ रही है। बड़े महाराज जी के पास खबर भेजिए और बड़े महाराज जी ने कहा अगर वह महत्वपूर्ण नहीं है पंचकल्याणक, बड़े बाबा का कार्यक्रम महत्वपूर्ण है लेकिन अगर समय पर इस कार्यक्रम में आ गए तो हमारा दोनों हाथों से आशीर्वाद है। हमने कहा अगर महाराज जी आपका आशीर्वाद होगा तो यह पंचकल्याणक सानंद संपन्न हो जाएगा और मैं भी आपके चरणों में आ जाऊंगा। इस विश्वास के साथ ऐसी व्यवस्था बनाई की दो महाराज अलग से विहार करेंगे । बड़े महाराज जी के आशीर्वाद से बहुत अच्छा पंचकल्याणक हुआ तो कुछ ऐसी दो घटनाएं घटी जो बहुत बड़ी घटनाएं हो सकती थी लेकिन बड़े महाराज जी के आशीर्वाद से वह यूं ही सहज में निकल गई और कुछ भी नहीं हुआ और बड़े बाबा की कृपा से और बड़े बाबा के छोटे बाबा के बड़े समवशरण के बड़े महाराज जी की कृपा से सब आपदाएं टल गई यह सब श्रद्धा का फल है।